प्रेस विज्ञप्ति

भारती एयरटेल फाउंडेशन ने अपने सत्य भारती स्कूलों के लिए नए युग का प्रौद्योगिकी समाधान लॉन्च किया

स्कूलों में पढ़ाने और सीखने का संवर्धन करने के लिए ईनोवेटिव टेक्नोलॉजी सॉल्यूशन

28 फरवरी 2024, जोधपुर, राजस्थान: भारती एंटरप्राइजेज की लोकोपकारी संस्था, भारती एयरटेल फाउंडेशन ने ग्रामीण भारत में स्कूलों के स्तर पर शिक्षा की क्वालिटी और एक्सेस को बेहतर बनाने के प्रति अपने प्रगतिशील विधि के कारण सम्मान अर्जित किया है। फाउंडेशन ऐसे प्रोग्राम का सृजन और सहायता करने के लिए प्रतिबद्ध है जो शिक्षा और टेक्नोलॉजी के उपयोग द्वारा दीघकालिक परिवर्तन लाते हैं।

हाल ही में, राजस्थान के जोधपुर में सत्य भारती स्कूल जूडिया में मौजूदा डिजिटल कक्षाओं के अलावा एक ईनावेटिव टेक्नोलॉजी आधारित शैक्षणिक सहायता पहल का लोकोर्पण किया गया। बालेसर, जोधपुर की एसडीएम श्रीमती पुष्पा कंवर सिसौदिया ने इस अवसर की शोभा बढ़ाई जो कि शैक्षिक प्रौद्योगिकी में एक महत्वपूर्ण कदम है |

भारत में 160 से अधिक सत्य भारती स्कूलों में छात्र सुस्थापित आधुनिक डिजिटल कक्षा में रोजमर्रा की पढ़ाई करते हैं। राजस्थान के जोधपुर और पाली जिलों के 28 सत्य भारती स्कूलों में से 11 स्कूलों को अब सभी छात्रों को एक समृद्ध, आकर्षक विद्याप्राप्ति वातावरण उपलब्ध कराने के लिए डिजिटल कक्षाओं के अलावा ईनोवेटिव पोर्टेबल एड-टेक डिवाइस के साथ समर्थ बनाया गया है।

इस अवसर पर श्रीमती पुष्पा कंवर सिसौदिया ने स्कूलों में डिजिटल कक्षाओं के रूप में स्मार्ट, इनोवेटिव, टेक्नोलॉजी बेस्ड सॉल्यूशन के बारे में प्रसन्नता व्यक्त की, जो संवादात्मक और अत्यधिक आकर्षक शिक्षण स्थान बनाने के लिए जरूरी है। उन्होंने कहा, "देश के दूरदराज के स्थानों में शिक्षा स्लेट से डिजिटल कक्षाओं तक पहुंच गई है।"

इस पहल के बारे में चर्चा करते हुए, सुश्री ममता सैकिया, CEO-भारती एयरटेल फाउंडेशन ने कहा, “हम पारंपरिक कक्षाओं को प्रगतिशील शैक्षणिक स्थानों में बदलने के लिए एक रोमांचक नए टेक्नोलॉजी सॉल्युशन लॉन्च करने को लेकर उत्साहित हैं, जो पढ़ाने और सीखने में उत्कृष्टता लाने के लिए शिक्षकों और छात्रों, दोनों का सशक्तीकरण करते हैं।”

उद्घाटन के दौरान भारती एयरटेल फाउंडेशन के रीज़नल हेड संदीप सारदा, उनके जिला समन्वयक सुभाष चंद्र यादव, स्कूल की प्रधानाध्यापिका प्रियंका चौधरी तथा फाउंडेशन और ग्रामीण समुदाय के अन्य प्रतिष्ठित लोग उपस्थित थे।